## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025


| | |
|---|---|
| Exam Date | 11/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |


Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**


**Q.1** उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।

महिला, डॉक्टर, बहन

**Ans**

1. 

✔ 2. 

3. 

4. 

**Q.2** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन:
सभी ताल, संगीत हैं।
सभी संगीत, लय हैं।
कोई भी लय, धुन नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई भी ताल, धुन नहीं है।
(II): कुछ लय, ताल हैं।


**Ans**


1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. ✔ दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।


Q.3 जब दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans

1. 

2. 

✔ 3. 

4. 

Q.4 सात व्यक्ति, E, F, G, H, K, L और N, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। L के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर केवल F बैठा है। G और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। N, H के बाईं ओर, लेकिन E के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। E और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans


1. दो

✔ 2. एक

3. तीन

4. चार

Q.5 एक पासे के फलकों पर I, S, H, N, A और T अक्षर अंकित हैं। नीचे एक ही पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। फलक I के विपरीत कौन-सा फलक है?




Ans
1. T
2. S
3. A
✔ 4. N

Q.6 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M + N - O x P ÷ Q' है, तो M का P से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. माता का भाई
2. भाई की पुत्री
3. पिता की माता
4. बहन की पुत्री

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 17 25 53 61 ?


Ans
1. 148
2. 152
3. 184
✔ 4. 125

Q.8 यदि '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '–' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

51 ÷ 30 × 36 − 6 + 6 = ?

Ans
✔ 1. 57
2. 55
3. 56
4. 58

Q.9 एक पासे के फलकों पर L, Z, I, D, N और A अक्षर अंकित हैं। नीचे एक ही पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। फलक N के विपरीत कौन-सा फलक है?




Ans
1. Z
2. D
✔ 3. A
4. L


**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)


**Ans**


1. RWD
2. FKR
3. DIP
4. ✔ JOD


**Q.11** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





**Ans**

1. 


2. 


3. 


4. ✔ 


**Q.12** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर UMCP एक निश्चित प्रकार से ZOEU से संबंधित है। QBXK ठीक उसी प्रकार VDZP से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए EJAH दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**

1. HNCL
2. ✔ JLCM
3. INBK
4. HMDN

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | उस विकल्प का चयन करें जो उन अक्षरों को निरूपित करता है, जो नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में बाएँ से दाएँ क्रमिक रूप से रखे जाने पर अक्षर श्रृंखला को पूरा करेंगे।<br>s t o l b _ _ _ _ o l b r _ s t _ _ _ r i | |
| Ans | 1. tolrisb<br>2. bristol<br>✔ 3. ristiolb<br>4. sirbtol | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>ZXV PNL FDB VTR ? | |
| Ans | ✔ 1. LJH<br>2. RQP<br>3. XVW<br>4. JIG | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर BYVT एक निश्चित तरीके से PMJH से संबंधित है। उसी तरीके से QNKI, EBYW से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए NKHF दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? | |
| Ans | 1. BXUT<br>✔ 2. BYVT<br>3. BYUT<br>4. BZUY | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।<br>पंक्ति 1 में - L, M, N और O बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।<br>पंक्ति 2 में - P, Q, R और S बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।<br>इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।<br>S, R के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। M के सम्मुख बैठा व्यक्ति, R का निकटतम पड़ोसी है। O, M के दाएँ किसी स्थान पर बैठा है और वह P के सम्मुख नहीं है। L, N के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है।<br>निम्नलिखित में से कौन Q के सम्मुख बैठा है? | |
| Ans | ✔ 1. O<br>2. L<br>3. N<br>4. M | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'SOUL' को '6415' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'LOST' को '6548' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'U' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा? | |
| Ans | 1. 5<br>✔ 2. 1<br>3. 8<br>4. 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | यदि शब्द LIGHTER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? | |
| Ans | 1. दो<br>✔ 2. एक का भी नहीं<br>3. तीन<br>4. एक | |

**Q.19** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

450 460 471 483 496 ?

**Ans**
✔ 1. 510
2. 508
3. 504
4. 500

**Q.20** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BASH' को '5431' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'HASE' को '1234' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
✔ 1. 2
2. 1
3. 4
4. 3

## Section : Part-B-General Knowledge and General awareness

**Q.1** निम्नलिखित में से किसने जुलाई 2024 में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा दे दिया?

**Ans**
1. प्रीति सूदन
2. मनोज तिवारी
3. सलोनी सिन्हा
✔ 4. मनोज सोनी

**Q.2** पोपीर नृत्य (popir dance) निम्नलिखित में से किस राज्य की गैलो जनजाति (Galo tribe) द्वारा किया जाता है?

**Ans**
1. उत्तराखंड
2. केरल
3. गोवा
✔ 4. अरुणाचल प्रदेश

**Q.3** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 49 निम्नलिखित में से किस राज्य नीति निदेशक सिद्धांत से संबंधित है?

**Ans**
✔ 1. ऐतिहासिक अभिरुचि और राष्ट्रीय महत्व के सभी स्मारकों की रक्षा करना
2. देश की रक्षा करना और आह्वान किए जाने पर राष्ट्रीय सेवा प्रदान करना
3. कार्य की न्यायसंगत और मानवीय स्थितियाँ तथा मातृत्व राहत सुनिश्चित करना
4. स्वशासन की इकाइयों के रूप में ग्राम पंचायतों का संगठन करना

**Q.4** जुलाई 2024 में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया गया रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान निम्नलिखित में से कौन-सा है?

**Ans**
1. जॉन द एपोस्टल अवार्ड (John the Apostle Award)
✔ 2. ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल (Order of St. Andrew the Apostle)
3. सेंट पीटर द एपोस्टल अवार्ड (St. Peter the Apostle Award)
4. गोल्डन ईगल अवार्ड (Golden Eagle Award)

**Q.5** 1861 में प्रस्तुत किए गए किस अधिनियम ने ब्रिटिश भारत के शासन के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित किया?

**Ans**
1. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम (Indian Independence Act)
✔ 2. भारतीय परिषद अधिनियम (Indian Councils Act)
3. भारत सरकार अधिनियम (Government of India Act)
4. रॉलेट अधिनियम (Rowlatt Act)

**Q.6** भूविज्ञान में, सिमै/Sima (पृथ्वी की पर्पटी की निचली परत) ________ और मैग्नीशियम से समृद्ध शैलों के संयोजन से बनी है। ये दोनों खनिज समुद्री पर्पटी में सबसे अधिक मात्रा में पाए जाने वाले खनिज हैं।

**Ans**

1. सिग्लोइट (sigloite)
2. ✔ सिलिकेट (silicate)
3. सिलिनाइट (silinaite)
4. सिलिमेनाइट (sillimanite)

**Q.7** भोलानाथ प्रसन्ना निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से जुड़े थे?

**Ans**

1. जलतरंगम
2. तानपुरा
3. ✔ बांसुरी
4. सितार

**Q.8** 1950 में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त अन्य न्यायाधीशों की संख्या कितनी थी?

**Ans**

1. ✔ सात
2. छः
3. आठ
4. पाँच

**Q.9** निम्नलिखित में से किसने 322 ईसा पूर्व में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी?

**Ans**

1. संप्रति मौर्य
2. ✔ चंद्रगुप्त मौर्य
3. दशरथ मौर्य
4. शालिसुक मौर्य

**Q.10** वह शारीरिक स्थिति जो भूख को कम करती है और परिपूर्णता (fullness) की भावना का संकेत देती है, ______________ के रूप में जानी जाती है।

**Ans**

1. ✔ संतृप्ति (satiety)
2. अपमलन (defecation)
3. काइम (chyme)
4. अंतर्ग्रहण (ingestion)

**Q.11** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार में अंगवस्त्रम और ताम्रपत्र के अलावा, __________ की नकद धनराशि प्रदान की जाती है।

**Ans**

1. ₹3,00,000
2. ₹2,50,000
3. ₹5,00,000
4. ✔ ₹1,00,000

**Q.12** भारतीय खिलाड़ी आर. वैशाली (R Vaishali) का संबंध किस खेल से है?

**Ans**

1. बैडमिंटन
2. मुक्केबाज़ी
3. तीरंदाजी
4. ✔ शतरंज

Q.13 औद्योगीकरण के प्रति दृष्टिकोण के संदर्भ में दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-1961) पहली पंचवर्षीय योजना से किस प्रकार भिन्न थी?

Ans
1. पूर्ण रूप से केवल कृषि पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा
2. सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र को अधिक प्राथमिकता दी गई
3. भारी उद्योगों से हल्के उद्योगों की ओर ध्यान केन्द्रित किया गया
4. भारी उद्योगों के विकास पर ज़ोर दिया गया ✔

Q.14 निम्नलिखित में से किस राज्य में 'थाईपुसम (Thaipusam)' उत्सव मनाया जाता है?

Ans
1. त्रिपुरा
2. सिक्किम
3. तमिलनाडु ✔
4. तेलंगाना

Q.15 2011 की जनगणना के अनुसार, किस पूर्वोत्तर राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?

Ans
1. अरुणाचल प्रदेश
2. असम
3. मिज़ोरम ✔
4. त्रिपुरा

Q.16 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या में उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का प्रतिशत कितना था?

Ans
1. 16.5% ✔
2. 15.5%
3. 17.5%
4. 14.5%

Q.17 ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) की लक्षित वृद्धि दर कितनी थी?

Ans
1. 7%
2. 9% ✔
3. 8%
4. 6%

Q.18 'विनिमय माध्यम (medium of exchange)' के रूप में कार्य करना, __________________ का एक महत्वपूर्ण कार्य है।

Ans
1. वस्तु
2. मुद्रा ✔
3. जल
4. धातु

Q.19 कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप 2023 का कौन-सा संस्करण भोपाल और त्रिवेंद्रम में आयोजित किया गया था?

Ans
1. 15वां
2. 25वां
3. 21वां ✔
4. 18वां

**Q.20** हंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड (Hans Christian Oersted) ने किसी तार में विद्युत धारा के प्रवाह द्वारा निकट स्थित चुंबकीय दिक्सूचक सुई को विक्षेपित करने की परिघटना की खोज कब की थी?

**Ans**

1. 1830
2. 1810
3. 1850
4. 1820 ✔

## Section : Part-C-Elementary Mathematics

**Q.1** A और B की आयु का अनुपात 4 : 9 है। यदि उनकी आयु का अंतर 10 वर्ष है, तो अब से 4 वर्ष बाद उनकी आयु की तुलना करें।

**Ans**

1. 6 : 11 ✔
2. 12 : 19
3. 25 : 29
4. 13 : 23

**Q.2** संजय और तन्नु अलग-अलग तौर पर कार्य करते हुए किसी कार्य को क्रमशः 6 और 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि वे एकांतर दिनों में कार्य करें, और तन्नु कार्य शुरू करे, तो कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

**Ans**

1. 8.5
2. 9.5 ✔
3. 10.5
4. 11.5

**Q.3** मूल्यांकन कीजिए : 32 ÷ 8 × 5 - 2 × 3

**Ans**

1. 14 ✔
2. 17
3. 16
4. 13

**Q.4** ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में 25%, 10% और 30% कम की गई है, लेकिन चौथे महीने में 60% वृद्धि की गई है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई है?

**Ans**

1. 23.98% की वृद्धि
2. 30.76% की कमी
3. 24.4% की कमी ✔
4. 27.32% की वृद्धि

**Q.5** एक लंब वृत्तीय शंकु का आयतन $168\pi\ cm^3$ है तथा इसकी ऊँचाई 0.12 m है। इसकी त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. $\sqrt{42}$ cm ✔
2. $\sqrt{41}$ cm
3. $\sqrt{43}$ cm
4. $\sqrt{47}$ cm

**Q.6** दो संख्याओं का गुणनफल 5184 है तथा उनके HCF का मान 24 है। उनका LCM ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 343
2. 216 ✔
3. 125
4. 324

**Q.7** यदि x का 2% = 336 है, तो x ____ के बराबर है।

**Ans**
1. 16900
2. 33700
3. 16800 ✔
4. 33600

**Q.8** ज़ाकिर शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{1}{4}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 45 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता?

**Ans**
1. 16
2. 12
3. 15 ✔
4. 6

**Q.9** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(16 \times 12) \times \left\{5 \div 5 \times \frac{(13 - 11)}{2}\right\}\right]$$

**Ans**
1. 192 ✔
2. 183
3. 177
4. 174

**Q.10** रूपाली ने गणित में विज्ञान से दोगुने अंक प्राप्त किए। गणित, विज्ञान और कंप्यूटर में उसके कुल अंक 234 हैं। यदि गणित और कंप्यूटर में उसके अंकों का अनुपात 4 : 3 है, तो रूपाली के गणित में अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 98
2. 89
3. 68
4. 104 ✔

**Q.11** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(65 \div 5) \times \left\{\frac{16}{8} + \frac{14}{2} \times (6 - 4)\right\}\right]$$

**Ans**
1. 198
2. 208 ✔
3. 215
4. 193

**Q.12** किसी मूलधन पर 6% की वार्षिक दर से 2 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹387 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 3225 ✔
2. 3221
3. 3234
4. 3228

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | राकेश ने 154 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 66 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है? | |
| Ans | 1. 70% | |
| | 2. 80% | |
| | 3. 85% | |
| | ✔ 4. 75% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | एक बस 60 km की दूरी तय करते हुए 45 मिनट में शहर P से Q तक जाती है, और 40 km/hr की चाल से शहर P तक वापस आती है। यात्रा के दौरान बस की औसत चाल _____ km/hr (दशमलव के दो स्थानों तक सही मान) है। | |
| Ans | 1. 56.33 | |
| | 2. 53.67 | |
| | 3. 56.67 | |
| | ✔ 4. 53.33 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | एक कक्षा में 50 अंकों की अंग्रेजी परीक्षा में, 20 छात्रों का औसत स्कोर 40 अंक था, 25 छात्रों का औसत स्कोर 34 अंक था और 15 छात्रों का औसत स्कोर 26 अंक था। पूरी कक्षा का भारित औसत स्कोर (weighted average score) कितना है? | |
| Ans | 1. 36 | |
| | 2. 35 | |
| | 3. 33 | |
| | ✔ 4. 34 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | एक यात्रा का 3/5 भाग 84 km/hr की चाल से तय किया जाता है तथा यात्रा की शेष दूरी 56 km/hr की चाल से तय की जाती है। पूरी यात्रा के दौरान औसत चाल (km/hr में) कितनी है? | |
| Ans | ✔ 1. 70 | |
| | 2. 60 | |
| | 3. 65 | |
| | 4. 55 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | यदि 10% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर ₹124 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 5200 | |
| | 2. 4420 | |
| | ✔ 3. 4000 | |
| | 4. 3425 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | यदि कोई दुकानदार "पांच खरीदें और एक मुफ़्त पाएं" की एक स्कीम ऑफर करता है, तो प्रभावी छूट प्रतिशत (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 24.67% | |
| | 2. 16.33% | |
| | 3. 24.33% | |
| | ✔ 4. 16.67% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | यदि 30 खिलौनों का विक्रय मूल्य, 50 खिलौनों के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 83.33% | |
| | 2. 25.55% | |
| | 3. 33.33% | |
| | ✔ 4. 66.67% | |

**Q.20** विजय के पास ₹1218 हैं। उन्होंने इसे अपने पुत्रों अजय और प्रकाश के बीच बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि अजय और प्रकाश को क्रमशः 14 और 15 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। विजय ने प्रकाश को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
1. 738
2. 580 ✔
3. 430
4. 638

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Select the most appropriate option to fill in the blank.

She has been working here _____ 5 years.

**Ans**
1. in
2. since
3. by
4. for ✔

**Q.2** Identify the sentence with the INCORRECT usage of an adverb.

**Ans**
1. Mihir sometimes visits his grandparents on weekends.
2. Sita often visits her grandparents on weekends.
3. We visit often our grandparents on weekends. ✔
4. She hardly ever visits her grandparents on weekends.

**Q.3** Select the most appropriate meaning of the given word.

Reluctant

**Ans**
1. Unwilling or hesitant ✔
2. Confused and unsure
3. Carefree and indifferent
4. Eager and enthusiastic

**Q.4** Fill in the blank with the suitable option.

_________ men and women are paid equally in the labour force and there is no division of labour based on gender, women's work in the home will have no value.

**Ans**
1. Unless ✔
2. Yet
3. Although
4. Up till

**Q.5** Select the most appropriate option to fill in the blank.

His _______________ of the new policy was based on a careful analysis of its long-term implications.

**Ans**
1. courtesy
2. shyness
3. assessment ✔
4. timidity

**Q.6** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**

1. Demonstrated
2. Students
3. Profound
4. Phillosophical ✔

**Q.7** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**

1. Institute
2. Request
3. Brellient ✔
4. Company

**Q.8** Select the most appropriate option to fill in the blank.

My brother goes for swimming every day _________ summer.

**Ans**

1. thoroughly
2. for
3. at
4. during ✔

**Q.9** Which of the following collocations given in the option is correct?

The report highlights the ______ significance of education in society.

**Ans**

1. critical
2. vastly
3. serious
4. major ✔

**Q.10** Select the most appropriate option to fill in the blank and complete the given idiom.

The disputed land is the ___________ of discord between two families.

**Ans**

1. orange
2. apple ✔
3. mango
4. grapes

**Q.11** Select the most appropriate synonym of the underlined word.

The scientist's research was <u>perplexing</u> to many people.

**Ans**

1. Clear
2. Helpful
3. Exciting
4. Confusing ✔

**Q.12** Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.

'The team worked extremely efficient under pressure'.

**Ans**

1. The team worked
2. under pressure.
3. efficient ✔
4. extremely

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Gigantic**

**Ans**

1. Fragile
2. Tiny
3. Huge ✔
4. Rough

**Q.14** **Select the most appropriate meaning of the underlined word.**

**The explorer encountered an ancient artifact in the cave.**

**Ans**

1. An object made by humans, usually of historical or cultural significance ✔
2. A sudden burst of energy
3. A form of currency
4. A type of insect

**Q.15** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Daring**

**Ans**

1. Cheerful
2. Clean
3. Confident
4. Cautious ✔

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In 1981, the US Surgeon General issued a public health warning that alcohol use by women (1) ________ pregnancy was the cause of physical and mental birth (2) ________ in children. This warning came in (3) ________ to growing recognition that a group of (4) ________ physical and mental impairments in children, now commonly known as foetal alcohol syndrome, were correlated with maternal alcohol use during pregnancy. Today, doctors and scientists (5) ________ that as many as 1 in 20 US school children may exhibit some form of foetal alcohol spectrum disorders, many of which cause lifelong challenges for those affected.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans**

1. along
2. on
3. during ✔
4. about

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In 1981, the US Surgeon General issued a public health warning that alcohol use by women (1) pregnancy was the cause of physical and mental birth (2) in children.This warning came in (3) to growing recognition that a group of (4) physical and mental impairments in children, now commonly known as foetal alcohol syndrome, were correlated with maternal alcohol use during pregnancy.Today, doctors and scientists (5) that as many as 1 in 20 US school children may exhibit some form of foetal alcohol spectrum disorders, many of which cause lifelong challenges for those affected.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

1. affection
2. ✔ defects
3. process
4. collects

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In 1981, the US Surgeon General issued a public health warning that alcohol use by women (1) pregnancy was the cause of physical and mental birth (2) in children.This warning came in (3) to growing recognition that a group of (4) physical and mental impairments in children, now commonly known as foetal alcohol syndrome, were correlated with maternal alcohol use during pregnancy.Today, doctors and scientists (5) that as many as 1 in 20 US school children may exhibit some form of foetal alcohol spectrum disorders, many of which cause lifelong challenges for those affected.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

1. recuse
2. repulse
3. ✔ response
4. repose

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In 1981, the US Surgeon General issued a public health warning that alcohol use by women (1) pregnancy was the cause of physical and mental birth (2) in children.This warning came in (3) to growing recognition that a group of (4) physical and mental impairments in children, now commonly known as foetal alcohol syndrome, were correlated with maternal alcohol use during pregnancy.Today, doctors and scientists (5) that as many as 1 in 20 US school children may exhibit some form of foetal alcohol spectrum disorders, many of which cause lifelong challenges for those affected.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

1. social

2. pivotal

✔ 3. severe

4. limited

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In 1981, the US Surgeon General issued a public health warning that alcohol use by women (1) pregnancy was the cause of physical and mental birth (2) in children.This warning came in (3) to growing recognition that a group of (4) physical and mental impairments in children, now commonly known as foetal alcohol syndrome, were correlated with maternal alcohol use during pregnancy.Today, doctors and scientists (5) that as many as 1 in 20 US school children may exhibit some form of foetal alcohol spectrum disorders, many of which cause lifelong challenges for those affected.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**

1. subsidise

✔ 2. recognise

3. normalise

4. vaporise

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **'बरसात के मौसम में आसमान में अक्सर सात रंग दिखाई देते हैं।'**

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर वाक्य के रेखांकित अंश को बदलें-**

**Ans**

✔ 1. इंद्रधनुष

2. बदरंग

3. सप्तवर्ण

4. सतरंगी

Q.2 दिए गए वाक्य में शब्द या वाक्य खण्ड को बदलिए।

किसी भी आदमी को तो भेज दो।

Ans
✔ 1. किसी आदमी को भेज दो।

2. किसी आदमी को ही भेज दो।

3. किसी आदमी को तो भेज दो।

4. किसी आदमी को तो भेज ही दो।

Q.3 'गला छुड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ इनमें से क्या होगा?

Ans
1. पीछे पड़ना

2. पीछे भागना

✔ 3. पीछा छुड़ाना

4. पीछा करना

Q.4 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है:

वह फूल जो खिला न हो

Ans
1. फूल केशर

✔ 2. कली

3. फूल

4. पराग

Q.5 निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द की पहचान कीजिये-

Ans
1. वृहस्पति

2. तारा

✔ 3. झील

4. झरना

Q.6 उपयुक्त विदेशज शब्द युक्त विकल्प से वाक्य पूर्ण करें -
'_________ बेटे को तुरंत बुलाओ।'

Ans
1. इस स्त्री के

2. इस सुंदरी के

3. इस महिला के

✔ 4. इस औरत के

Q.7 'इच्छा' का पर्याय निम्न में से नहीं है-

Ans
1. आकांक्षा

2. ईप्सा

✔ 3. लोभ

4. कामना

Q.8 रीतिवाचक क्रियाविशेषण का प्रकार नहीं है?

Ans
✔ 1. ध्यान से

2. सुबह

3. अंदर

4. दोपहर

Q.9 'भगवान शिव ने भाग्नासुर को भस्मिभूत कर दिया और देवताओं को अभय प्रदान किया।'
उपरोक्त वाक्य के किस भाग में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है?

Ans
1. और देवताओं को
✔ 2. भस्मिभूत कर दिया
3. भगवान शिव ने भाग्नासुर को
4. अभय प्रदान किया

Q.10 'भयभीत' का विलोम शब्द नीचे दिए विकल्पों में से चुनिए-

Ans
1. सबल
✔ 2. निर्भीक
3. मलिन
4. निर्बल

Q.11 निम्न वाक्य में रेखांकित पद को संशोधित कीजिए।
अमावस की रातें बड़ी रमणीय होती हैं।

Ans
1. अंधेरी
2. काली
3. बादलों
✔ 4. चाँदनी

Q.12 तलवार एक ________ का उदाहरण है। उपयुक्त एकार्थी शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

Ans
✔ 1. शस्त्र
2. वीरता
3. अस्त्र
4. औजार

Q.13 रिक्त स्थान की पूर्ति देशज शब्द से करें-

श्याम के घर का फर्श बहुत ही... है।

Ans
1. मार्बल
2. उज्ज्वल
3. स्वर्ण
✔ 4. चिकना

Q.14 निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?

ललित ने इस रहशय को अपने भीतर ही रखा|

Ans
1. भीतर
2. रखा
3. ललित
✔ 4. रहशय

Q.15 'छेड़ना' शब्द का निम्न में से किस वाक्य में सही प्रयोग नहीं हुआ है?

Ans
✔ 1. उसने ऐसी बात कहकर मेरे दिल को छेड़ दिया।
2. उसने सितार के तार छेड़ दिए।
3. चाईना ने युद्ध छेड़ दिया।
4. तुमने तो मेरे पुराने घाव छेड़ दिए।

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
मेघाच्छादित आकाश। तेज _____(1) हवाएँ तन, मन और आत्मा तक में सिहरन सी भरती हुईं। रह-रहकर होती हुई बारिश। धीमी और निशब्द। गीली हवाएँ छतरी को उलट देने के ____(2) आतुर । डगमगाती हुई दिन की नौका। भारत में चौमास और अगहन-पूस जैसा समय। किंतु यहाँ लंदन में यह मई _____(3) एक दिन है। आकाश की अलगनी में मेघों की भारी और गीली चादरें सूख रही हैं जिन्हें हटाकर सूर्य कभी-कभी नीचे झाँकता है और धूप नीचे धरती में ऐसे उतरती है - घड़ी __ (4) के लिए - जैसे मायावी परी हो और सहसा छप्प (अदृश्य) हो जाती है। धूप यहाँ इतनी दुर्लभ और कीमती है जैसे सोना हो। धूप का सोना तो भारत में बरसता है - बदस्तूर । जब तक अ-भाव का सामना नहीं होता; तब तक भाव की संपदा का अनुभव ____ (5) होता।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**तेज _______ (1) हवाएँ तन, मन और आत्मा तक में सिहरन सी भरती हुईं।**

**Ans**
✔ 1. बर्फानी
2. दूर
3. पास
4. ख़राब

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
मेघाच्छादित आकाश। तेज _____(1) हवाएँ तन, मन और आत्मा तक में सिहरन सी भरती हुईं। रह-रहकर होती हुई बारिश। धीमी और निशब्द। गीली हवाएँ छतरी को उलट देने के ____(2) आतुर । डगमगाती हुई दिन की नौका। भारत में चौमास और अगहन-पूस जैसा समय। किंतु यहाँ लंदन में यह मई _____(3) एक दिन है। आकाश की अलगनी में मेघों की भारी और गीली चादरें सूख रही हैं जिन्हें हटाकर सूर्य कभी-कभी नीचे झाँकता है और धूप नीचे धरती में ऐसे उतरती है - घड़ी __ (4) के लिए - जैसे मायावी परी हो और सहसा छप्प (अदृश्य) हो जाती है। धूप यहाँ इतनी दुर्लभ और कीमती है जैसे सोना हो। धूप का सोना तो भारत में बरसता है - बदस्तूर । जब तक अ-भाव का सामना नहीं होता; तब तक भाव की संपदा का अनुभव ____ (5) होता।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**गीली हवाएँ छतरी को उलट देने के _____(2) आतुर**

**Ans**
1. पर
2. दिये
3. नीचे
✔ 4. लिए

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
मेघाच्छादित आकाश। तेज _____(1) हवाएँ तन, मन और आत्मा तक में सिहरन सी भरती हुईं। रह-रहकर होती हुई बारिश। धीमी और निशब्द। गीली हवाएँ छतरी को उलट देने के ____(2) आतुर । डगमगाती हुई दिन की नौका। भारत में चौमास और अगहन-पूस जैसा समय। किंतु यहाँ लंदन में यह मई _____(3) एक दिन है। आकाश की अलगनी में मेघों की भारी और गीली चादरें सूख रही हैं जिन्हें हटाकर सूर्य कभी-कभी नीचे झाँकता है और धूप नीचे धरती में ऐसे उतरती है - घड़ी __ (4) के लिए - जैसे मायावी परी हो और सहसा छप्प (अदृश्य) हो जाती है। धूप यहाँ इतनी दुर्लभ और कीमती है जैसे सोना हो। धूप का सोना तो भारत में बरसता है - बदस्तूर । जब तक अ-भाव का सामना नहीं होता; तब तक भाव की संपदा का अनुभव ____ (5) होता।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**किंतु यहाँ लंदन में यह मई _____ (3) एक दिन है।**

**Ans**
✔ 1. का
2. को
3. की
4. के

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
मेघाच्छादित आकाश। तेज _____(1) हवाएँ तन, मन और आत्मा तक में सिहरन सी भरती हुईं। रह-रहकर होती हुई बारिश। धीमी और निशब्द। गीली हवाएँ छतरी को उलट देने के ____(2) आतुर । डगमगाती हुई दिन की नौका। भारत में चौमास और अगहन-पूस जैसा समय। किंतु यहाँ लंदन में यह मई _____(3) एक दिन है। आकाश की अलगनी में मेघों की भारी और गीली चादरें सूख रही हैं जिन्हें हटाकर सूर्य कभी-कभी नीचे झाँकता है और धूप नीचे धरती में ऐसे उतरती है - घड़ी __ (4) के लिए - जैसे मायावी परी हो और सहसा छप्प (अदृश्य) हो जाती है। धूप यहाँ इतनी दुर्लभ और कीमती है जैसे सोना हो। धूप का सोना तो भारत में बरसता है - बदस्तूर । जब तक अ-भाव का सामना नहीं होता; तब तक भाव की संपदा का अनुभव ____ (5) होता।

SubQuestion No : 19

Q.19 **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**घड़ी ____ (4)के लिए**

Ans
1. के
2. जी
3. भर ✔
4. पर

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
मेघाच्छादित आकाश। तेज _____(1) हवाएँ तन, मन और आत्मा तक में सिहरन सी भरती हुईं। रह-रहकर होती हुई बारिश। धीमी और निशब्द। गीली हवाएँ छतरी को उलट देने के ____(2) आतुर । डगमगाती हुई दिन की नौका। भारत में चौमास और अगहन-पूस जैसा समय। किंतु यहाँ लंदन में यह मई _____(3) एक दिन है। आकाश की अलगनी में मेघों की भारी और गीली चादरें सूख रही हैं जिन्हें हटाकर सूर्य कभी-कभी नीचे झाँकता है और धूप नीचे धरती में ऐसे उतरती है - घड़ी __ (4) के लिए - जैसे मायावी परी हो और सहसा छप्प (अदृश्य) हो जाती है। धूप यहाँ इतनी दुर्लभ और कीमती है जैसे सोना हो। धूप का सोना तो भारत में बरसता है - बदस्तूर । जब तक अ-भाव का सामना नहीं होता; तब तक भाव की संपदा का अनुभव ____ (5) होता।

SubQuestion No : 20

Q.20 **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**जब तक अ-भाव का सामना नहीं होता; तब तक भाव की संपदा का अनुभव ____ (5) होता।**

Ans
1. जब
2. तब
3. वही
4. नहीं ✔